भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
11.03.2026 के
अतारांकित प्रश्न सं. 3127 का उत्तर

सिलचर-नाहरलगुन और सिलचर-दिल्ली रेल सेवा

3127. श्री परिमल शुक्ला बैद्य:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का सिलचर-नाहरलगुन सेवा को पुनः शुरू करने और सिलचर-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस शुरू करने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या कछार जिले के शालचापरा और चंद्रनाथपुर स्टेशनों पर अतिरिक्त ठहराव प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में पूर्वोत्तर सीमा रेलवे से प्राप्त प्रतिक्रिया का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल, यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के अपने निरंतर प्रयास में त्यौहारों, छुट्टियों आदि के दौरान स्पेशल रेल सेवाएं परिचालित करती है। तदनुसार, सिलचर-नाहरलगुन खंड के यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए, भारतीय रेल ने हाल ही में 05637/38 सिलचर-नाहरलगुन स्पेशल का परिचालन किया।

सिलचर, दिल्ली से 14037/14038 सिलचर-नई दिल्ली पूर्वोत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस द्वारा सीधे जुड़ा हुआ है। इसके अतिरिक्त, किसी भी मार्ग/खंड पर गाड़ी सेवाओं की शुरुआत जो एक सतत प्रक्रिया है, विभिन्न कारकों पर निर्भर करती है जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए संगत अवसंरचना की उपलब्धता
- रेलवे पटरियों और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

यात्रियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए दिनांक 20.02.2026 से 15615/15616 गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेस का शालचापरा में ठहराव प्रदान किया गया है। तदनुसार, नीचे सूचीबद्ध 12 गाड़ी सेवाएं शालचापरा स्टेशन की जरूरतों को पूरा कर रही हैं:-

क्र.सं.	गाड़ी संख्या और नाम
1	15615 गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेस
2	15616 सिलचर-गुवाहाटी एक्सप्रेस
3	55661 मैशाशन - सिलचर पैसेंजर
4	55662 सिलचर-मैशाशन पैसेंजर
5	55667 सिलचर- बैराबी पैसेंजर
6	55668 बैराबी-सिलचर पैसेंजर
7	55677 सिलचर-धर्मनगर पैसेंजर
8	55678 धर्मनगर-सिलचर पैसेंजर
9	55669 सिलचर-सायरंग पैसेंजर
10	55670 सायरंग-सिलचर पैसेंजर
11	55685 मैशाशन-सिलचर पैसेंजर
12	55686 सिलचर-मैशाशन पैसेंजर

इसी तरह, 02 गाड़ी सेवाएँ यथा 15615/16 गुवाहाटी-सिलचर एक्सप्रेस चंद्रनाथपुर की जरूरतों को पूरा कर रही हैं। इसके अलावा, यह निर्णय लिया गया है कि 12503/12504 एसएमवीटी बेंगलुरु - अगरतला हमसफर एक्सप्रेस और 15611/15612 सिलचर-रंगिया एक्सप्रेस को चंद्रनाथपुर में ठहराव दिया जाए।

इसके अतिरिक्त, रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान सतत प्रक्रिया है जो यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता, जिसमें खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफॉर्म की लंबाई आदि जैसी समानरूपी अवसंरचना की उपलब्धता पर निर्भर करता है।

*****